web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 31 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 304

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पंजाब में रोकी गई सोमनाथ एक्सप्रेस में बम होने की सूचना, मची अफरा-तफरी

**फिरोजपुर (आरएनएस)।** जम्मू से जोधपुर जाने वाली सोमनाथ एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 9226 में बम होने की सूचना के बाद अफरा-तफरी मच गई। जिसके बाद गाड़ी को फिरोजपुर के कासु बेगू रेलवे स्टेशन पर रोका गया। जानकारी के अनुसार जम्मू से जोधपुर जाते समय जैसे ही फिरोजपुर रेलवे स्टेशन गाड़ी ने क्रॉस किया तभी कंट्रोल रूम पर सुरक्षा एजेंसियों के इनपुट मिलने के बाद गाड़ी को रोका गया। जिसके बाद पुलिस बल के ट्रेन की चेकिंग के लिए बुलाया गया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। कासु बेगू रेलवे स्टेशन पर पहुंची सारी गाड़ी खाली करवा दी गई हैं। फिलहाल सभी डिब्बों की चेकिंग की जा रही है।

### चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत, वीवीपेट पर्चियों के ईवीएम मशीन से मिलान की पुनर्विचार याचिका खारिज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपेट पर्चियों के ईवीएम मशीन से 100 फीसदी मिलान कराने की मांग वाली पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपंकर दत्ता की बेंच ने अपने फैसले में कहा कि याचिका में दिए गए आधार पर विचार करने के बाद हमारा ग्रह मानना है कि 26 अप्रैल के फैसले पर पुनर्विचार का कोई मामला नहीं बनता। दरअसल इसी 26 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपीएटी और ईवीएम मशीन की पर्चियों का 100 फीसदी मिलान करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था। इसके साथ ही याचिका में चुनाव को बैलट पेपर से कराए जाने की भी मांग की गई थी, जिसको सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। पुनर्विचार याचिका अरुण कुमार अग्रवाल द्वारा दायर की गई थी, जिन्होंने पहले भी इस मुद्दे पर जनहित याचिका दायर की थी।

### रूस के वोल्गोग्राड में ट्रेन पटरी से उतरी, 100 से ज्यादा घायल

**मॉस्को ।** रूस के दक्षिणी वोल्गोग्राड क्षेत्र में एक यात्री ट्रेन पटरी से उतर गई। हादसे में 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ट्रेन में 800 से ज्यादा लोग सवार थे। पटरी से उतरने से पहले ट्रेन एक ट्रक से टकराई थी। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने ये जानकारी दी। 20 डिब्बों वाली यह ट्रेन रूस के तातारस्तान गणराज्य के कज़ान से सोची के पास रिसोर्ट शहर एडलर जा रही थी। स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12.30 बजे यह हादसा हुआ। वोल्गोग्राड क्षेत्र के गवर्नर एंड्री बोचारोव ने एक बयान में कहा कि नौ डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेन में 813 यात्री सवार थे। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कम से कम 110 यात्री घायल हुए हैं और करीब 16 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किसी के मरने की खबर नहीं है। ट्रक चालक बच गया है, लेकिन उसके सिर और पैरों में चोटें आई हैं। घटना की आपराधिक जांच शुरू कर दी गई है।

### न्यूयॉर्क के पार्क में गोलीबारी में एक की मौत, छह घायल

**न्यूयॉर्क ।** न्यूयॉर्क के रोचेस्टर शहर के एक पार्क में सामूहिक गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। रोचेस्टर पुलिस ने बताया कि मरने वाले व्यक्ति की उम्र 20 साल थी। एक और व्यक्ति की हालत गंभीर है, जबकि पांच अन्य को मामूली चोटें आई हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रोचेस्टर पुलिस विभाग के कैप्टन ग्रेग बेलो ने एक प्रेस ब्रीफिंग में संवाददाताओं को बताया कि रविवार शाम करीब 6:20 बजे मेपलवुड पार्क में गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद पुलिस एक्शन में आई। उन्होंने देखा कि कई लोग गोली लगने से घायल हैं। पुलिस ने कहा कि कुछ लोगों को निजी वाहन से और अन्य को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय मीडिया के हवाले से ग्रेग बेलो ने कहा, इस समय, हमें नहीं पता कि कितने लोग गोलीबारी में शामिल थे। हम अधिक से अधिक लोगों से जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। गोली लगने से घायल हुए व्यक्ति की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है। इरॉन्डेक्वॉइट पुलिस, मोनरो काउंटी शेरिफ, रोचेस्टर पुलिस और न्यूयॉर्क स्टेट पुलिस सहित कई पुलिस एजेंसियों ने पार्क में पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# पेरिस ओलंपिक 2024 : मनु भाकर और सरबजोत ने दिलाया दूसरा पदक, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक 2024 के चौथे दिन भारतीय शूटर मनु भाकर और सरबजोत स?हि ने देश की झोली में दूसरा मेडल डाल दिया। 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में मनु भाकर और सरबजोत ने ओह ये जिन और ली वोनहो को मात देकर ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनु भाकर और सरबजोत स?हि को ओलंपिक में देश के लिए पदक जीतने पर बधाई दी है।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, हमारे निशानेबाज हमें लगातार गौरवान्वित कर रहे हैं। मनु भाकर और सरबजोत सिंह को ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतने पर बधाई देता हूं। दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत अविश्वसनीय रूप से प्रसन्न है।

पीएम मोदी ने आगे लिखा, मनु भाकर के लिए, यह उनका लगातार दूसरा ओलंपिक पदक है, जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता और समर्पण को दर्शाता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मनु भाकर और सरबजोत स?हि को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, भारत को एक और पदक। पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई देता हूं। उनकी उल्लेखनीय टीमवर्क ने शानदार परिणाम दिए हैं। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।



रक्षा मंत्री ने ओलंपिक में मनु भाकर को दूसरा पदक जीतने पर लिखा, पेरिस ओलंपिक में दूसरा पदक जीतने के लिए मनु भाकर पर गर्व है। वह ओलंपिक खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं। उनकी अविश्वसनीय प्रतिभा, कड़ी मेहनत और समर्पण ने हमें गौरवान्वित किया है। आने वाले वर्षों में उनके और अधिक गौरव और सफलता की कामना करता हूं।

बता दें कि मनु भाकर एक ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। इस इवेंट से पहले व्यक्तिगत स्पर्धा में पहले ही मनु भाकर ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। पेरिस में चल रहे ओलिंपिक गेम्स के चौथे दिन भारतीय प्लेयर्स 5 खेलों में हिस्सा लेंगे। इनमें शूटिंग, हॉकी, आर्चरी, बैडमिंटन और बॉक्सिंग शामिल है।

### मनु भाकर ने रच दिया इतिहास, एक ही ओलंपिक में 2 मेडल जीतने वाली बनीं पहली भारतीय



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 के चौथे दिन मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने इतिहास रचते हुए भारत को उसका दूसरा मेडल दिला दिया है. मनु और सरबजोत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में रिपब्लिक ऑफ कोरिया की जोड़ी को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है. मनु ने इससे पहले शूटिंग में ही भारत को पहला मेडल जिताया था. ऐसे में वह भारत के लिए एक ही ओलंपिक में 2 मेडल जीतने वाली पहली महिला एथलीट बन गई हैं. भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में अपना लोहा मनवा दिया है. वुमन 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद अब उन्होंने मिक्सड डबल्स में भी मेडल जीत लिया है. इसी के साथ मनु ने इतिहास रच दिया. आजादी के बाद वह एक ही ओलंपिक में भारत के लिए 2 मेडल जीतने वाली भारत की पहली एथलीट बन गई हैं. उनसे पहले आज तक कोई भी एथलीट ऐसा नहीं कर सका. मैच की बात करें, तो भारतीय शूटिंग जोड़ी का सामना कोरिया की वोन्हो और ओह ये जिन की जोड़ी से था.मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने 16-10 के स्कोर के साथ जीत दर्ज की और भारत को दूसरा मेडल जिताया. पेरिस ओलंपिक में अब तक भारत ने 2 मेडल जीते हैं और दोनों ही मेडल शूटिंग में आए हैं. इससे पहले मनु भाकर ने महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता था.

## ऑनलाइन गेम का टास्क पूरा करने के लिए लड़के ने 15वीं मंजिल से लगाई छलांग, हुई मौत

**पुणे** | आरएनएस

पुणे में एक दर्दनाक घटना हुई है। ऑनलाइन गेम के टास्क को पूरा करने के लिए 15 साल के एक लडक़े ने बिल्डिंग की 14वीं मंजिल से छलांग लगा दी। इस घटना में लडक़े की ही मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि लडक़े को पिछले 6 महीने से ऑनलाइन गेम खेलने की लत लगी थी। वह हर दिन कई घंटे लगातार मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलता था। घर वालों के कई बार समझाने के बावजूद लडक़े की लत बढ़ती गई और घटना वाले दिन युवक पूरे दिन गेम खेल रहा था।

घर वालों की मानें तो लडक़ा गेम की लत में ऐसा फंस गया था कि अकेले खुद से ही बातें करने लगा। वह कमरे के अंदर तीन-चार घंटे तक बंद रह कर गेम खेलता रहता था।

घटना वाले दिन युवक के भाई की तबीयत खराब होने की वजह से उसकी मां युवक पर ध्यान नहीं दे पाई, जिससे वह पूरे दिन गेम खेलता रहा। शाम को गेम में उसे टास्क पूरा करने के लिए 14वीं मंजिल से छलांग लगानी थी। उसने अपने कमरे को अंदर से बंद कर बिल्डिंग की 14वीं मंजिल से छलांग लगा दी।

सोसाइटी के व्हाट्सएप ग्रुप में किसी बच्चे के गिरे होने की सूचना पर जब उसकी मां ने कमरे को खोलना चाहा तो उसमें अंदर से कुंडी बंद थी, जिसे दूसरी चाबी से खोलने पर बच्चे के बिल्डिंग से गिरने की सूचना परिवारजनों को मिली।

इस पूरे मामले में पुलिस आयुक्त स्वप्निल गोरे ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि तीन दिन पहले एक 15 वर्षीय ऑनलाइन गेम की लत का शिकार बालक ने अपनी ही सोसायटी की चौदहवीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। मामले की जांच उच्चाधिकारियों के द्वारा की जा रही है।

## देश में फिर बड़ा रेल हादसा: हावड़ा-मुंबई मेल की 18 बोगियां पटरी से उतरी, दो यात्रियों की मौत, 50 घायल

**जमशेदपुर** | आरएनएस

झारखंड के चक्रधरपुर रेल मंडल में मंगलवार को तडक़े चार बजे बड़ा ट्रेन हादसा हुआ। राजखरसावां-बडाबांबो स्टेशन के बीच हावड़ा से चलकर मुंबई जाने वाली 12810 मुंबई मेल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ट्रेन की 18 बोगियां पटरी से उतर गईं। हादसे में अब तक दो यात्रियों की मौत हुई है, जबकि 50 यात्री घायल हुए हैं।

रेलवे की टीम राहत और बचाव में जुटी है। कई यात्रियों को नजदीक के हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। रिलीफ ट्रेन के साथ चक्रधरपुर रेल मंडल के कई सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे हैं। चक्रधरपुर मंडल



के सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी ने इस दुर्घटना की पुष्टि की है।

सरायकेला जिला प्रशासन के मुताबिक, दो यात्रियों की मौत हुई है। घायल यात्रियों को बस से अस्पताल ले जाया गया है। बताया गया कि इस रूट पर एक मालगाड़ी दो दिन पहले डिरेल हुई थी। मेल एक्सप्रेस उसी मालगाड़ी के डिब्बों से टकरा गई और उसकी 8-10 बोगियां बेपटरी हो गईं। कुछ डिब्बे आपस में चढ़ गए तो कई गति तेज होने के कारण बीच से मुड़ गए।

हादसे की वजह से दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटानगर-चक्रधरपुर खंड पर रेल परिचालन पूरी तरह ठप हो गया है। इस हादसे के कारण कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। क्रेन और अन्य मशीनों की मदद से डिब्बों को हटाने और फंसे हुए यात्रियों को निकालने का काम जारी है। हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग पूरी तरह से बाधित है और अन्य ट्रेनों को डायवर्ट किया जा रहा है।

हादसे के वक्त अधिकांश यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। तभी अचानक एक तेज आवाज और झटके के साथ कई डिब्बे एक के बाद एक पटरी से उतरते चले गए। ट्रेन के अंदर अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। ऊपर के बर्थ पर सो रहे कई यात्री नीचे गिर गए। सामान बिखर गया।

इस हादसे के बाद रेलवे की तरफ से हेल्पलाइन नंबर किए गए हैं। टाटानगर में 06572290324, चक्रधरपुर में 06587 238072, राउरकेला में 06612501072, 06612500244 और हावड़ा 9433357920, 03326382217 पर संपर्क किया जा सकता है।

## वायनाड भूस्खलन में मृतकों की संख्या 84 पहुंची, केरल में दो दिन का शोक घोषित

**आर्मी-एयरफोर्स बचाव कार्यों में जुटी**

**कोझिकोड** | आरएनएस



वायनाड भूस्खलन त्रासदी में मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अब यह आंकड़ा 84 पहुंच गया है। प्रभावित क्षेत्रों में कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सैकड़ों लोग घायल हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। केरल के मुख्य सचिव डॉ. वी. वेणु ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि राज्य सरकार ने वायनाड के चूरलमाला में हुए भूस्खलन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस गंभीर त्रासदी को ध्यान में रखते हुए, केरल में मंगलवार और बुधवार को दो दिवसीय आधिकारिक शोक रहेगा। इन दोनों दिनों में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और राज्य सरकार के सभी आधिकारिक कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं।

सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके चूरलमाला, वेल्लारीमाला, मुंडकाईल और पोथुकालू हैं। इन इलाकों के स्थानीय लोग जो किसी तरह बच निकलने में कामयाब रहे, वे इस त्रासदी की भयावहता से बेहद सदमे में हैं।

वेल्लारीमाला में वीएचएसई स्कूल की प्रिंसिपल भव्या अपने छात्रों से संपर्क करने की लगातार कोशिश कर रही हैं। अब तक वह 560 छात्रों से बात कर पाई हैं और 22 से संपर्क नहीं हो पाया है।

उन्होंने कहा, मेरे स्कूल में 582 छात्र हैं। मैं अभी तक 22 से संपर्क नहीं कर पाई हूं। मुझे उम्मीद है कि वे सुरक्षित होंगे और मुझे सिफर् इतना लगता है कि उनके फोन चार्ज नहीं हो रहे हैं। पिछले दो दिनों से भारी बारिश हो रही है। इस भीषण बारिश में हमारे स्कूल को नुकसान हुआ है। मैंने अपने कई शिक्षकों से भी बात की है।

मुंडाकायम एक और इलाका है जो प्रकृति के कहर से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। एनडीआरएफ की टीम इलाके में पहुंच गई है। तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। यह जगह तबाह हो गई है और कई घर नष्ट हो गए हैं।

सेना, एनडीआरएफ, अग्निशमन बल और पुलिस प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान में लगी हुई है। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम, विशेषकर सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में भारी बारिश, बचाव कार्यों में बाधा डाल रही है। एनडीआरएफ अधिकारी ने कहा, ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां खराब मौसम के कारण हम अभी तक नहीं पहुंच पाए हैं। हम ऐसे क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मुंडाकायम निवासी सफ्फाद ने कहा कि उनके माता-पिता को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिनसे संपर्क नहीं हो पाया है और उनके बारे में कोई जानकारी नहीं है। एक अन्य निवासी शफीक ने बताया कि वह और इलाके के करीब 300 लोग अब एक रिसॉर्ट में रह रहे हैं। हमें बताया गया है कि एनडीआरएफ की टीमें हमारे पास पहुंच गई हैं और हम बचाए जाने का इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद करते हैं कि वे जल्दी से जल्दी हमारे पास पहुंच जाएं। तीन अन्य मंत्रियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों के लिए रवाना हुए राज्य के राजस्व मंत्री के. राजन ने कहा कि एमईजी बेंगलुरु से टीमों और राज्य की राजधानी से सेना की एक टीम को हवाई मार्ग से वहां पहुंचाया जा रहा है। कोच्चि से 50 सदस्यीय नौसेना दल भी वायनाड पहुंच रहा है। बताया जा रहा है कि भूस्खलन रात करीब 2 बजे हुआ।

## जम्मू-कश्मीर के सोपोर इलाके में ब्लास्ट, 4 लोगों की मौत; मरने वालों में 2 बच्चे भी शामिल

**श्रीनगर** | आरएनएस



बारामुला जिले के सोपोर इलाके में ब्लास्ट होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार इस धमाके में चार लोगों की मौत हो गई है। ब्लास्ट में मरने वाले में दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं एक अन्य घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार एक स्क्रैप डीलर ट्रक से सामान उतार रहा था। तभी अचानक से ब्लास्ट हो गया। मौके पर ही दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ट्रक से स्क्रैप उतारने के बाद कई लोग उसमें से विभिन्न प्रकार की धातुएं निकालने लगे। इस दौरान एक जोरदार धमाका हुआ।

मृतकों की पहचान शेर कॉलोनी निवासी नजीर अहमद नादरू, आजम अशरफ मीर, गुलाम हसन और आदिल राशिद भट के रूप में हुई है। फिलहाल सोपोर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिल्ली कोचिंग हादसे के बाद जागा निगम, अब तक 19 कोचिंग सेंटर सील

**नई दिल्ली** | आरएनएस

दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में हुए हादसे के बाद नगर निगम रविवार से ही लगातार कोचिंग सेंटर्स को सील करने की कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान जिन कोचिंग सेंटर्स में अनियमिताएं पाई जा रही हैं, उन्हें सील किया जा रहा है। रविवार से शुरू हुए इस अभियान में मंगलवार तक 19 कोचिंग सेंटर्स को सील किया जा चुका है। मंगलवार को मेयर शैली ओबेरॉय नगर निगम के अधिकारियों के साथ प्रीत विहार पहुंची। उन्होंने प्रीत विहार में नियमों को ताक पर रखकर बेसमेंट में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर्स का निरीक्षण किया। इस दौरान संस्कृति अकादमी का निरीक्षण करने पर पाया गया कि वो बेसमेंट के अंदर संचालित हो रहा है। कोचिंग सेंटर से बेसमेंट में कक्षाएं चलाने की अनुमति के पेपर मांगे गए तो वो दिखाने में विफल रहे। इसके बाद एमसीडी के अधिकारियों ने अकादमी को सील कर दिया। मेयर ने कहा कि पूरी दिल्ली में कई सारे कोचिंग सेंटर्स ने एमसीडी की बिल्डिंग बायलॉज की धज्जियां उड़ाकर रख दी है। एमसीडी इन सब पर कड़ी कार्रवाई करने जा रही है। राजेंद्र नगर में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में अवैध रूप से संचालित हो रही लाइब्रेरी में अचानक पानी भरने से तीन बच्चों की जान चली गई। पूरी दिल्ली में ऐसे बहुत सारे कोचिंग सेंटर्स हैं, जो अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। इन कोचिंग सेंटर्स ने एमसीडी की बिल्डिंग बायलॉज की धज्जियां उड़ाकर रख दी है। उन्होंने कहा कि अब अवैध रूप से संचालित हो रहे सभी कोचिंग सेंटर्स पर कड़ी कार्रवाई करने जा रहे हैं। नियमों और बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन कर संचालित हो रहे किसी भी कोचिंग सेंटर को बक्शा नहीं जाएगा। अगर किसी अधिकारी की इसमें मिलीभगत पाई जाएगी तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## कभी भी लेबनान पर हो सकता है हमला, कई उड़ाने रद्द

**भारत ने जारी की एडवाईजरी**

**लेबनान**

लेबनान के विदेश मंत्री अब्दुल्ला बौ हबीब ने इजरायल के नियंत्रण वाले गोलन हाइट्स के मजदल शम्स के ड्रूज शहर पर हुए हमले की जांच की मांग की है। इस हमले में 12 लोगों की जान चली गई थी। ये हमला 27 जुलाई को हुआ था। वहीं गोलान हाइट्स में हिजबुल्लाह के हमले के बाद अब इजरायल कुछ बड़ा करने जा रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह को भारी कीमत चुकाने की चेतावनी दी है।



**नेतन्याहू ने बुलाई सुरक्षा कैबिनेट**

अमेरिका से लौटने के तुरंत बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव के किर्या में सुरक्षा कैबिनेट की बैठक बुलाई। कैबिनेट के सदस्यों ने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को हिजबुल्लाह के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के तरीके और समय पर निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया। उधर, मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया भी रोम से लौट चुके हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़े शब्दों में हिजबुल्लाह को संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि इजरायल इस जानलेवा हमले को नजरअंदाज नहीं करेगा। हिजबुल्लाह को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, जो उसने अब तक नहीं चुकाई है।

**भारत ने भी जारी की एडवाइजरी**

लेबनान के बेरूत स्थित भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि हाल ही में हुए घटनाक्रमों के मद्देनजर लेबनान में सभी भारतीय नागरिकों और यहां की यात्रा करने की योजना बनाने वाले लोगों को सावधानी बरतने और बेरूत में भारतीय दूतावास से संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। लोग ईमेल आईडी- या आपातकालीन फोन नंबर +96176860128 के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

**उड़ानों को किया गया रद्द**

तुर्की एयरलाइंस ने भी रविवार रात को अपनी दो उड़ानों को रद्द किया। फ्लाइट राडार 24 के मुताबिक तुर्की की सनएक्सप्रेस, तुर्की एयरलाइंस की सहायक कंपनी एजेट, ग्रीस की एजियन एयरलाइंस, इथियोपियन एयर और एमईए ने भी सोमवार को बेरूत में उतरने वाली अपनी उड़ानों को रद्द कर दिया है। लुफ्थांसा समूह के प्रवक्ता ने बताया कि लुफ्थांसा, स्विस और यूरोविंग्स ने भी पांच अगस्त तक बेरूत की अपनी उड़ानों को निलंबित करने का फैसला किया है।